Delhi Public School, Howrah

HALF YEARLY EXAMINATION (2024-2025)

Class-VII

Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.

SUBJECT: HINDI (3RD LANGUAGE)

अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट **कुल अंक- 40**

सामान्य निर्देश :-

I. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

II. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X5=5)

चिड़िया छोटी-सी होती है। इसका रंग मटमैला होता है। जंगली चिड़िया का रंग काला होता है। इसके दो पैर होते हैं। टाँगें पतली होती है। यह अपने पंखों की सहायता से फुर्र करके उड़ जाती है। चिड़िया की चोंच नन्हीं सी होती है परतु यह तेज़ होती है। यह चोंच से पानी पीती है। उसी से रोटी का जरा-सा टुकड़ा, दाना, चावल, अनाज का कण उठाकर कुतर-कुतरकर खा लेती है। चिड़िया फुदककर एक जगह से दूसरी जगह जा बैठती है। प्रातःकाल होने पर चिड़ियाँ चहचहाने लगती हैं। उस समय ये चीं-चीं की आवाज़ करती हुई पता नहीं क्या-क्या कहती हैं। आपस में घुलमिल कर बातें करती होंगी। या कौन जाने यह इनका कोई गीत ही हो। चिड़ियाँ झुंड बनाकर अन्न वाले खेतों पर जा बैठती हैं। वहाँ अनाज की बड़ी तबाही करती हैं। इसी बात पर एक कहावत बनी हुई है... 'फिर पछताए होत क्या, जब चिड़ियाँ चुग गई खेत।' जरा-सी चोट लगने से इस छोटे से पक्षी के प्राण निकल जाते हैं। यह बड़ी कोमल होती है।

(क) चिड़िया कैसी होती है?

(ख) चिड़िया का रंग कैसा होता है?

(ग) चिड़िया की टाँगे कैसी होती है?

(घ) प्रातःकाल होने पर चिड़िया क्या करती है?

(ङ) चिड़िया से जुड़ी कहावत क्या है?

प्रश्न (2) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए- **(1X4=4)**

(क) समाचार-

(ख) महक-

(ग) साथ-

(घ) काका-

प्रश्न (3) निम्नलिखित शब्द से वाक्य बनाएँ- **(1X2=2)**

क) पेड़-

ख) बादल-

प्रश्न (4) किसने, किससे कहा- **(1X2=2)**

(क) अपनी गरदन उठाकर दूर क्या देख रहे हो ?

(ख) गलती तुम्हारी है; पत्थर की नहीं।

प्रश्न (5) सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए- **(1X5=5)**

पीठ	**गरमी**	**खतरनाक**	**सुगंध**	**पत्थर**
डर		**गोलियाँ**		

(क) बगीचे में फूलों की.................................... से मिट्टी और पत्थर भी महक रहे थे।

(ख) कैलाश............................ से ठोकर खाकर गिर पड़ा।

(ग) शिकारी कुत्ते तुमसे दोस्ती करना चाहते हैं।

(घ) नाना जी ने कैलाश की.......................... थपथपाई।

(ङ) मैं जानवरों के..................... से यहाँ बैठा हूँ।

प्रश्न (6) कविता की पंक्तियों को मिलाइए- **(1X4=4)**

अ	ब
(क) किसने फोड़ घड़े बादल के	(i) अपने घर का दरवाजा।
(ख) जोर-जोर से गरज रहे हैं	(ii) बुला लिया कहकर आजा।
(ग) सूरज ने क्यों बंद कर लिया	(iii) की है इतनी शैतानी ?
(घ) उसकी माँ ने क्या उसको	(iv) बादल हैं किसके काका ?

प्रश्न (7) सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए- **(1X3=3)**

(क) लोमड़ी ने मुरगे को ज़मीन पर चलते हुए देखा। (   )

(ख) 'मुझे कुछ जरूरी काम है', ऐसा कहकर लोमड़ी चली गई। ( )

(ग) कैलाश को गाँव का वातावरण अच्छा नहीं लगा। ( )

प्रश्न (8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X5=10)

(क) मुरगे के अनुसार शिकारी कुत्ते उस तरफ क्यों आ रहे थे?

(ख) लोमड़ी ने मुरगे को क्या समाचार सुनाया?

(ग) सभी बच्चे खुश क्यों थे?

(घ) घूमते हुए कैलाश के पैर में चोट कैसे लग गई?

(ङ) कवयित्री ने बादल को क्या कहा है?

प्रश्न (9) अनुच्छेद लिखिएः- (80 से 100 शब्दों में) (5)

"बरसात का एक दिन" अथवा **"आजादी का उत्सव- स्वतंत्रता दिवस** " - दोनों विषयों में से किसी **एक** विषय पर **<u>अनुच्छेद</u>** लिखिए-